वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 11 | बुधवार 10 मई 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### मुख्यमंत्री का भीलवाड़ा दौरा: कोरोना काल में भीलवाड़ा मॉडल की पूरे विश्व में हुई सराहना

# 2030 तक राजस्थान को देश का नंबर-1 राज्य बनाना ही लक्ष्य: गहलोत

## शहर के जवाहर नगर में जनता क्लिनिक की घोषणा

**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश को शिक्षित और स्वस्थ बनाना ही राज्य सरकार का प्रमुख उद्देश्य है। सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन को लाभान्वित किया जा रहा है। गहलोत मंगलवार को भीलवाड़ा के दशहरा मैदान में आयोजित महंगाई राहत कैम्प के अवलोकन के बाद आमजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2030 तक राजस्थान को देश का नंबर-1 राज्य बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बिशनिया (कोटड़ी) में महंगाई राहत शिविर व प्रशासन गांवों के संग शिविर का भी अवलोकन किया। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने विगत वर्षों में जो उपलब्धियां हासिल की है वो बेमिसाल है। राजस्थान देश का पहला राज्य है जहां जनता की सहूलियत के लिए महंगाई राहत कैम्प जैसे आयोजन किए जा रहे हैं। राज्य सरकार की योजनाओं से आमजन पर महंगाई का भार कम होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान अपनी योजनाओं के कारण मॉडल स्टेट बन रहा है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य में नवीन महाविद्यालय खोले गए हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में सरकार द्वारा उल्लेखनीय कार्य करने के कारण मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल, बिजली, सड़क सहित आधारभूत सुविधाओं के साथ आर्थिक विकास में भी राज्य नये आयाम छू रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महंगाई राहत शिविरों के माध्यम से अंतिम छोर तक के व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के प्रयास हो रहे हैं। राज्य सरकार का प्रयास रहेगा कि कोई भी व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहे। गहलोत ने कैम्प अवलोकन के दौरान लाभार्थियों से संवाद किया तथा योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उन्हें मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड सौंपे। शिविर में उपस्थित लाभार्थियों ने महंगाई के इस दौर में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से मिल रही राहत के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने आमजन की मांग पर शहर के जवाहर नगर में जनता क्लिनिक खोलने की भी घोषणा की। पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि राज्य सरकार गुड गवर्नेंस की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने में राज्य सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। राजस्थान पहला राज्य है जहां शहरों में भी लोगों को रोजगार की गारंटी दी जा रही है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री रामलाल जाट, राज्य बीज निगम अध्यक्ष धीरज गुर्जर, राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत, सहाड़ा विधायक श्रीमती गायत्री त्रिवेदी, संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा, अजमेर रेंज आईजी रूपिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक आदर्श सिधू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं आमजन मौजूद रहे।



### मुख्यमंत्री का उदयपुर दौरा

# महंगाई से राहत देने के लिए संवेदनशील और प्रतिबद्ध राज्य सरकार: गहलोत

**उदयपुर. कासं**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को उदयपुर के मावली एवं गंगूकुंड में महंगाई राहत कैंपों का अवलोकन किया। उन्होंने गंगूकुंड में लाभार्थी नफीसा बानो को महंगाई राहत का तीन करोड़वां मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड सौंपा। गहलोत ने अन्य लाभार्थियों को भी गारंटी कार्ड सौंपे और उनसे संवाद करते हुए अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का आहवान किया। मुख्यमंत्री ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में हर तबके को राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। हर वर्ग के उत्थान को ध्यान में रखते हुए सरकार ने एक से बढ़कर एक जनकल्याणकारी योजनाएं दी हैं। सभी को पहला सुख निरोगी काया के संदेश को जीवन में उतारने का आहवान करते हुए उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति स्वस्थ रहे, इसके लिए मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू किया गया है। यह देशभर में अनूठी योजना है, जिसकी पूरे देश में सराहना हो रही है। गहलोत ने कहा कि आमजन को महंगाई से राहत दिलाने के लिए कैंप लगाए जा रहे हैं। इनमें पात्र परिवारों को सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिलेगा। आमजन के उत्साह से कैंप सफलता की ओर अग्रसर हैं।






# प्रसिद्ध गायक संजय रायजादा ने रविंद्र संगीत में दी प्रभावी प्रस्तुति

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर जयंती पर ''कला साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग'' ''राजस्थान व रवींद्र मंच के सयुक्त तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय'' रवींद्र जयंती उत्सव ३में प्रसिद्ध गायक संजय रायजादा व पायल भट्टाचार्य ने रवींद्र संगीत व उस पर आधारित लोकप्रिय गीतों की प्रभावी प्रस्तुति कर दर्शकों की भरपूर प्रशंसा बटोरी। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. बी डी कल्ला मंत्री कला , साहित्य , संस्कृति व शिक्षा विभाग थे। अध्यक्षता गायत्री राठौर (प्रमुख शासन सचिव, कला, साहित्य संस्कृति व पुरातत्त्व विभाग )ने की। इस कार्यक्रम में रवींद्र सुधा गीत, रवींद्र संगीत अमारो पोरानो जहा चाय, रवींद्र संगीत पर आधारित फिल्मी गीत तेरे मेरे मिलन की ये रैना,चंदा देखें चंदा, नन्हा सा पंछी है तू, छूकर मेरे मन को आदि प्रस्तुत कर गुरुदेव श्री रवींद्र नाथ टैगोर को भाव पूर्ण श्रद्धांजली अर्पित की गई।

## 3 दिवसीय पुलकपर्व का भव्य शुभारम्भ



**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। 11 मई को राष्ट्र सन्त भारत गौरव आचार्य श्रीपुलक सागर जी का 53 वा अवतरण दिवस है इस उपलक्ष में देश भर की 700 पुलक मन्च परिवार की शाखाओं द्वारा जीव दया मानव सेवा विधान रक्तदान अनाज वितरण आदि कार्यक्रम आयोजन 9 10 एवम 11 मई पुरे भारत में आयोजित किये जा रहे है ।इसी के अंतर्गत आज इन्दोर की शाखाओं ने मन्दिर में विधान करके अपने गुरु की लंबी उम्र निरोगी रहने की कामना की। इंदौर नगर के समर्थ सिटी मन्दिर में भी विधान का आयोजन किया गया। इसी प्रकार 10 मई को इंदौर की 70 शाखाओं द्वारा 53 वे अवतरण दिवस पर 53 जगह पौधा रोपण किया जावेगा एवम अन्न वितरण भी किया जाएगा। 11 मई को जगह जगह भक्ति और पुलक सागर गुणगान का संगीतमय आयोजन किया जावेगा। दिगंबर जैन समाज समाजिक सांसद के मंत्री डॉ जैनेन्द्र जैन ने पुलक जन चेतना मंच के आयोजन को गुरु के प्रति गुरु भक्तों का समर्पण बताया और बंधाई दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मीना झांझरी राष्ट्रीय संयोजक प्रदीप बड़जात्या, कमल रावका ,महेंद्र मीना निगोत्या, दिलीप निर्मला रत्नावत, शिरीष जैन सुषमा सुरभि खुशबू जैन मधु जैन वैभव कासलीवाल आशीष जैन जीरावटी आदि उपस्थित थे। पूजन विधान प्रवीण जैन एवं अनामिका बाकलीवाल ने पूरे विधि विधान से कराया सफल आयोजन का आभार कैलाश लुहाड़िया ने माना।

# Shri Mahaveer Digamber Jain Shiksha Parishad

Cordially invites you to the

# Bhoomi Poojan

for the School Building of

## Shri Padmawati Jain Girls Senior Secondary School

The program details are as follows -

Day & Date : Wednesday, 10th May, 2023

Time : 09:00 a.m.

Venue : Indra Path, Near Community Centre, Sector-12, Mansarovar, Jaipur

Your benign presence is solicited.

**Umrao Mal Sanghi**
President

**Mahesh Kala**
Treasurer

**Sunil Bakhshi**
Secretary

**All Office Bearers & Executive Members of Shiksha Parishad.**

# वेद ज्ञान

## कोई मनुष्य बुरा भला नहीं होता

गुणों और कर्मों में गहरा संबंध है। गुणों के अनुरूप कर्म सुखदायी होते हैं। अवगुण निरंतर पापों की ओर आकर्षित करते हैं। सद्गुणों से परोपकार और परहित की प्रेरणा मिलती रहती है। ऐसा देखा गया है कि कोई मनुष्य सदैव बुरा या भला नहीं होता। अवगुणी भी किसी पल परहित की सोचता है और कभी सद्गुणों से संपन्न व्यक्ति भी कुकर्मों से बच नहीं पाता। परमात्मा ने माया का ऐसा मोहिनी रूप रच दिया है कि कोई भी कभी भी इसका शिकार हो जाता है। माया जीवन का आधार भी बनती है और विनाश की ओर भी ले जाती है। गुणों में अवगुण और अवगुणों में भी गुण माया के कारण ही रचे बसे हुए हैं। जिसने इस तत्व को समझ लिया वही जीवन को दिशा देने योग्य बन पाता है। पुरातन काल में अनेक संत,महात्मा, ऋषि, मुनि हुए जिन्होंने सिद्धियां, शक्तियां प्राप्त कीं, फिर भी साधना के मार्ग से कभी विमुख नहीं हुए। उन्होंने जीवन भर आत्मविकास और उन्नयन के लिए प्रयास किए। जैसे कोई नव साधक करता है। उन्होंने धर्म की निरंतरता को बनाए रखा। इस कारण सदियों बाद भी वे आदरणीय और स्मरणीय हैं। उपलब्धियां हासिल कर लेने के बाद सद्भावनाओं के प्रति उदासीन हो जाने वाले इतिहास के पन्नों में समा गए। सूर्य की प्रतिष्ठा का कारण उसका नित्य प्रति उदित होना और संसार को प्रकाशमान करना है। नदियों के किनारे लोग सभ्यता के आदिकाल से बसते रहे हैं, क्योंकि उनका जल सदा प्रवाहमान होने के कारण स्वच्छ और संतुष्ट करने वाला है। मनुष्य हर पल जीवनदायी वायु ले रहा है और विषाक्त वायु बाहर निकाल रहा है। एक पल के लिए भी ऐसा न होने का अर्थ है जीवन को संकट में डाल देना। मनुष्य सदैव सद्गुण ग्रहण करता रहे और अवगुणों का त्याग करता रहे। गुणों की कोई सीमा नहीं है, जबकि जीवन बहुत छोटा है। गुण और ज्ञान से तन और मन को सदा निर्मल रखना ही जीवन है। भारतीय जीवन-दर्शन और संस्कृति में साधु व संत संगत की उच्च महिमा बताई गई है। अच्छी संगत निरंतर प्रेरणा का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। सदैव उत्तम विचार मन और मस्तिष्क में समाते रहें। आत्मा श्रेष्ठ कर्मों की ओर उन्मुख रहे। मन एक सैनिक की तरह सतर्क रहे। माया और विकारों के हाथों पराजय से बचने के लिए आवश्यक है कि मनुष्य के चारों ओर सद्विचारों और सत साहित्य का सुरक्षा चक्र सदैव बना रहे। यही जीवन की निरंतरता है।

## संपादकीय

# कम नहीं हो रही घाटी में दहशतगर्दी...

राजौरी इलाके में तलाशी अभियान में जुटी सेना की एक टुकड़ी को अत्याधुनिक विस्फोटक से उड़ा दिया, जिसमें पांच सैनिक मारे गए। कुछ दिनों पहले ही पुंछ में सेना के वाहन पर हमला किया गया था, जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे। उसी घटना से जुड़े आतंकियों की तलाश में सेना की टुकड़ी ने राजौरी इलाके में घेराबंदी की थी। इन दोनों घटनाओं में जिस तरह के हथियार और विस्फोटक इस्तेमाल किए गए, वे हमारे देश में नहीं बनते। इससे यह सवाल और गहरा हुआ है कि आखिर तमाम चौकसी और सघन तलाशी अभियान के बावजूद आतंकवादियों तक ऐसे साजो-सामान पहुंच कैसे रहे हैं। सरकार दावा कर रही थी कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा हटाने और लगातार सीमा पर कड़ी निगरानी बनाए रखने की वजह से दहशतगर्दी में काफी कमी आई है। मगर कुछ-कुछ अंतराल पर ऐसी घटनाएं हो जाने से सरकार के दावे खोखले ही साबित हो रहे हैं। इससे यही रेखांकित हो रहा है कि दहशतगर्दी से निपटने के लिए जैसी तैयारी होनी चाहिए, वैसी अभी तक नहीं हो पाई है। इस दिशा में नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत है। यह ठीक है कि सख्ती बढ़ने से दहशतगर्दों की गतिविधियों पर कुछ लगाम लगी है, मगर घाटी में उनकी मौजूदगी कम हुई है, ऐसा बिल्कुल नहीं लगता। हालांकि पिछले आठ-नौ वर्षों में वहां सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ाई गई है, सीमा पार से होने वाली घुसपैठ पर कड़ी नजर रखी जा रही है, सघन तलाशी अभियान के जरिए आतंकवादियों के ठिकानों का पता लगाने में तेजी आई है, मगर हकीकत यही है कि वे अपनी रणनीति लगातार बदलते रहते हैं और सुरक्षाबलों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने में कामयाब हो रहे हैं। कुछ समय पहले उन्होंने कश्मीरी पंडितों और बाहरी लोगों को निशाना बना कर हमले तेज कर दिए थे, अब सेना और सुरक्षाबलों को निशाना बना रहे हैं। जाहिर है, सेना की हर गतिविधि पर उनकी नजर है और वे घात लगा कर अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो रहे हैं, जबकि खुफिया तंत्र उनकी निशानदेही में विफल साबित हो रहा है। सबसे बड़ी चिंता की बात है कि इन आतंकवादियों को समर्थन और सहयोग कहां से मिल रहा है। घुसपैठ की दर कम हुई है, हर हफ्ते दहशतगर्दों को मार गिराया जाता है, फिर भी वे उठ खड़े हो रहे हैं, तो जाहिर है, स्थानीय युवाओं को वे हथियार उठाने को तैयार कर पा रहे हैं। सड़क मार्ग के जरिए पाकिस्तान से होने वाली तिजारत बंद है, जो आतंकवादियों तक हथियार और विस्फोटक पहुंचाने का बड़ा माध्यम हुआ करती थी। फिर उन्हें वित्तीय मदद पहुंचाने वालों की पहचान कर सलाखों के पीछे डाला जा चुका है। बाहर से होने वाली हर लेन-देन पर कड़ी नजर है। फिर भी आतंकवादियों तक बाहरी देशों में बने हथियार और दूसरे साजो-सामान पहुंच रहे हैं, तो इस पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। इसके साथ-साथ फिर इस जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता कि दहशतगर्दी खत्म करने के लिए स्थानीय लोगों का भरोसा जीता जाना चाहिए।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# असुरक्षित जेल...

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिस व्यवस्था को सुरक्षा की सबसे मजबूत दीवारों के तौर पर देखा जाता है, उसके भीतर ही अपराधी तत्त्व अराजक तरीके से किसी की हत्या तक कर देते हैं और वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी लाचार देखते रहते हैं। सवाल है कि इस हकीकत के बावजूद संबंधित महकमे किस आधार पर अपनी व्यवस्था को सबसे सुरक्षित होने का दावा करते रहते हैं। गौरतलब है कि तिहाड़ जेल में बंद टिल्लू ताजपुरिया नामक एक अपराधी की हाल ही में कुछ कैदियों ने मिल कर हत्या कर दी थी। इस घटना को अंजाम देने में जितना वक्त लगा और उस दौरान हमलावर कैदी जितनी आसानी से टिल्लू पर हमला करते रहे, उतनी देर तक जेल प्रशासन के कुछ कर्मी तमाशा देखते रहे। इस घटना का खौफनाक वीडियो बताता है कि या तो इसके पीछे कोई व्यापक साजिश है या फिर जेल की सुरक्षा व्यवस्था का स्तर निहायत कमजोर है। ऐसा लगता है कि जेल के भीतर कब कैसी घटना होगी, कहा नहीं जा सकता। यों दिल्ली की तिहाड़ जेल को देश की सबसे सुरक्षित और आदर्श माना जाता रहा है। बल्कि अच्छी व्यवस्था का संदर्भ आने पर इसे उदाहरण के रूप में पेश किया जाता रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि पिछले कुछ समय के भीतर ही जेल के भीतर चाकू या अन्य हथियारों से हमले, मारपीट या फिर हत्या तक की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पिछले ही महीने प्रिंस तेवतिया नामक अपराधी की हत्या कर दी गई थी। खबरों के मुताबिक, टिल्लू ताजपुरिया की हत्या करते हुए हमलावरों ने कुछ मिनट तक मारपीट की और चाकू जैसे हथियार से करीब नब्बे वार किए। इतनी देर तक घटना होती रही और जेल प्रशासन से जुड़े लोग तमाशबीन बने रहे। क्या वहां अचानक किसी घटना के होने पर सुरक्षाकर्मियों के बीच सक्रिय होने या प्रतिक्रिया देने का स्तर यही है? हत्या जैसे मामले के अलावा अगर कोई बड़ी वारदात हुई तो वैसे में जेल प्रशासन क्या करेगा? इस तरह की लापरवाह सुरक्षा व्यवस्था के होते हुए यह उम्मीद करना भी शायद बेमानी है कि वहां अंदर में हमले और हत्या जैसे अपराध को अंजाम देना मुश्किल है। खबरों के मुताबिक, केवल अप्रैल में तिहाड़ में जेल नंबर आठ और नौ में कुल बत्तीस बार तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान पंखे के ब्लेड या अन्य चीजों से तैयार किए गए बाईस धारदार चाकू मिले, जबकि तीस से ज्यादा लोहे की छड़ें बरामद की गई थीं। इसके अलावा, कैदियों पर नजर रखने के लिए साठ सुरक्षाकर्मी तैनात होते हैं और वहां कुल नौ सौ पचहत्तर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। फिर जेल प्रशासन कैदियों की सुरक्षा की समीक्षा भी करता रहता है। आखिर इसका हासिल क्या है? जेल की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले उच्चाधिकारियों को क्या यह अंदाजा नहीं होता है कि वहां खतरनाक प्रकृति के अपराधियों को भी लाया जाता है, जो बाहर हुई किसी घटना का बदला लेने या अन्य कारणों से कभी भी बड़े अपराध को अंजाम देने की फिराक में रहते होंगे? कुछ कैदियों को विशेष सुविधाएं मुहैया कराने में मिलीभगत की खबरें भी अक्सर आती रहती हैं। सवाल है कि इतनी सारी उच्च स्तरीय व्यवस्था के बावजूद अगर इस जेल में अपराधी गिरोहों में आपसी मुठभेड़ और उसमें हत्या तक की घटनाएं होती हैं और वहां का सुरक्षा तंत्र लाचार दिखता है तो इसके क्या कारण हैं?

# महावीर पब्लिक स्कूल में 'इसरो' की ओर से आयोजित हुई "भविष्य की प्रयोगशाला"





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

महावीर पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 व 9 के छात्रों के लिए अत्यंत रोमांचक, उपयोगी और समृद्ध कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 'इसरो' द्वारा प्रमाणित ट्यूटर तथा महावीर पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र ( बैच 2003-04 ) सौरभ कौशल, राघव शर्मा और अर्पित दुग्गर ने छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान के संदर्भ में अनेक तथ्यों की जानकारी दी ।इस कार्यशाला में अंतरिक्ष की अद्भुत दुनिया, अंतरिक्ष के क्षेत्र में असंख्य अवसरों, रोबोटिक डेमो आदि विषयों के संदर्भ में जानकारी देने वाली एक ऑडियो विजुअल प्रस्तुति ने छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान के संदर्भ में जिज्ञासु बनाए रखा ।इसके साथ ही बनीपार्क, जयपुर में 'इसरो' द्वारा आयोजित एक प्रक्षेपण कार्यक्रम 'भविष्य की प्रयोगशाला' में महावीर पब्लिक स्कूल के कक्षा 9 से 12वीं तक के कुल 50 छात्र अपने माता-पिता तथा अध्यापको के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. टी.पी. शशिकुमार थे, जिन्होंने इस कार्यक्रम में आकर इसकी शोभा बढ़ाई। यह बहुत ही शानदार आयोजन था इसमें विश्व की प्रयोगशाला में विस्तृत अवलोकन के साथ-साथ प्रौद्योगिकियों का अविश्वसनीय प्रदर्शन भी हुआ। इस कार्यशाला में छात्रों ने नवीनतम तकनीकी का अनुभव किया और अंतरिक्ष वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और शोधकर्ताओं के साथ बातचीत भी की। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन ने इस सत्र की सराहना की व आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि महावीर पब्लिक स्कूल जल्द ही छात्रों के लिए अंतरिक्ष विज्ञान सुविधाओं हेतु अपने दरवाजे खोलेगा।

# संगिनी जैन सोश्यल ग्रुप नॉर्थ का शपथ ग्रहण समारोह

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

संगिनी जैन सोश्यल ग्रुप नॉर्थ का शपथ ग्रहण होटल स्पार्कल वैशाली नगर में आयोजित किया गया। ग्रुप अध्यक्ष किरण झाझरी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र सिंघवी चेयरमैन नॉर्दर्न रीजन एवं विशिष्ट अतिथि सिद्धार्थ जैन सचिव नॉर्दर्न रीजन, मनीष झंझरी इंटरनेशनल डायरेक्टर तथा श्रीमती श्वेता जैन कोऑर्डिनेटर संगिनी फोरम नॉर्दन रीजन थी। समारोह में किरण झंझरी अध्यक्ष, अंजना गंगवाल उपाध्यक्ष, विजया काला सचिव, नूपुर जैन संयुक्त सचिव एवं संगीता जैन कोषाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मंच संचालन ग्रुप सचिव विजया काला ने किया। सभी सदस्यों ने पूल का आनंद उठाया एवं कार्यक्रम में सदस्यों द्वारा रुचिका जैन के सयोजन में मदर्स डे पर आकर्षक प्रस्तुति दी गई ।






# डायमंड ग्रुप के अपने दंपती सदस्यों ने WTP में परिण्डे लगाए व मूवी दिखाकर एंजॉय किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** डायमंड ग्रुप ने WTP मॉल में पेड़ों पर परिंडे लगाए व दंपती सदस्यों को अपने घर पर लगाने के लिए परिंडे वितरित किए। अध्यक्ष प्रमोद सोनल जैन व सचिव रमेश ने WTP के अवसर आड़ी सिनेमा में पिक्चर " PS 2 " , (पोनियन Selvan 2 ,) शो 12.50 से 4.00 बजे वाले मे अपने दम्पति सदस्यों को दिखाई। मूवी को देखकर सभी बच्चों व सदस्यों ने एंजॉय किया। लगभग 56 सदस्यो ने मूवी का आनन्द लिया। उसके बाद सुसज्जित रेस्टोरेंट दावतनामा में नए दंपति सदस्य अनिल प्रियंका लुहाड़िया व सुवर्त प्रीति बडजात्या ने डायमंड ग्रुप को ज्वाइन किया। फिर इनका माला व दुपट्टे से स्वागत किया गया। अंत में अध्यक्ष सचिव व कोषाध्यक्ष एस के गंगवाल ने आए हुए सभी का आभार व्यक्त किया।साथ ही उपस्थित सभी सदस्यों ने विदेश टूर , या इंडिया में कहीं भी यात्रा टूर करवाने के लिये कहा जिसको अध्यक्ष सचिव ने सहर्ष ही स्वीकार कर अगले प्रोग्राम करने की आंकाक्षा में विदाई ली।




# जैन सोश्यल ग्रुप सनशाइन में 'गांव की महक' कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

**ब्यावर।** जैन सोश्यल ग्रुप सनशाइन द्वारा ग्रामीण परिवेश पर आधारित कार्यक्रम ' आपणो गांव का' आयोजन किया गया। सचिव प्रतीक खटोड़ ने बताया कि जैन सोश्यल ग्रुप सनशाइन के द्वारा रविवार को सूरज स्वाद री ढाणी में ग्रुप का ''पधारो आपणे गांव'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे सभी पुरुष सदस्य ग्रामीण वेशभूषा धोती कमीज और महिला सदस्य घागरा ओढ़नी में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में चारो और गांव की महक छाई रही।कार्यक्रम स्थल पर चौपाल , पंचायत , खेल मैदान , रंगमंच आदि बनाये गए जिनका सदस्यों ने भरपूर आनंद



लिया। साथ ही इस कार्यक्रम में सनशाइन के सभी सदस्यों ने ग्रामीण बुराइयों के खिलाफ संदेशजनक नाटक और मारवाड़ी गानों पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुती दी। इससे पहले ग्रामीण संस्कृति से ओत प्रोत खेल खिलाये गए जिसमे सितोलिया, रस्साकस्सी , कंचे आदि शामिल थे।इस कार्यक्रम के निर्णायक व्याख्याता श्रीमती दीपाली लाल और सुधीर जैन रहे।निर्णायको द्वारा नाट्य प्रस्तुति में ब्यावर के रंग रंगीलो ग्रुप को प्रथम एवं मारवाड़ रा छैल छबीला को द्वितीय और नृत्य प्रस्तुति में राजस्थान के रजवाड़े ग्रुप को प्रथम और मारवाड़ रा छैल छबीला ग्रुप को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। चाँद चकोरे और रंगीलो राजस्थान को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। सामूहिक नृत्य एवं नाटिका के मंचन में ग्रुप के करीबन 100 सदस्यों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

# मीरां और कबीर की भक्ति रचनाओं की सुरीली प्रस्तुतियों ने बांधा समां




**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

भारतीय संस्कृति में विविध कला व अन्य पक्षों को प्रोत्साहित करने के प्रयोजन से बुध पूर्णिमा के खास मौके पर विश्व गुरु विद्यापीठ परिषद की प्रधान एवं आकाशवाणी कलाकार डॉ.रचना तैलंग के द्वारा प्रस्तुत भजन संध्या में उपस्थित समस्त सदस्य और सुर रसिक जन झूमे उठे। डॉ. तैलंग का मानना है कि विविध भारतीय विषयों और विधाओं के अनेक गुरुकुल, संस्कृति केन्द्र संग्रहालय व विरासत केंद्रों की स्थापना तथा गुरुजनों व कलाकारों के प्रोत्साहन से ही इनके मूल्यों को फिर से स्थापित किया जा सकता है। इसी संदेश को कार्य रूप देने के लिए उन्होंने भजन गाकर यह संदेश दिया है। इस अवसर पर डॉ. रचना ने सर्व प्रथम निर्दोष लिखित व हरि ॐ शरण की गणेश वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद निराला लिखित सरस्वती वंदना वीणा वादिनि वरदे और फिर मधुकर राजस्थानी के विरह गीत पांव पड़ूं तोरे श्याम व तेरे भरोसे की प्रस्तुति से खासी दाद पाई। कार्यक्रम की अगली कड़ी में यूथिका राय के संकलन से मीरां भजन रचना के बाद भारती तैलंग के साथ युगल स्वर में पेश किये मीरा लागो रंग हरि... और मैं तो प्रेम दिवानी जैसी भक्ती रचनाओं के प्रवाह से श्रोताओं की भी स्वर लहरी फूट पड़ी। कार्यक्रम में उत्तरसिंह मेहता ने कृष्ण भजन, विक्रम देव पालीवाल ने कबीर भजन के अलावा डॉ. निर्मल गर्ग, प्यारेलाल गोस्वामी, सुनीता चौधरी व वैभव चौधरी ने भी सुरीले भजन पेश कर समा बांध दिया। वहीं शीतल श्रीमाली व दीपिका बागोरा की नृत्य प्रस्तुति ने भावविभोर कर दिया। गीत नृत्य प्रस्तुति में अशोक कुमार व साथी ने तबले व बाजे पर संगत की। कार्यक्रम का समापन आरती व प्रसाद ग्रहण करने के साथ हुआ।

**रिपोर्ट : राकेश शर्मा 'राजदीप' मोबाइल : 9829050939**


श्री प्रदीप जी-श्रीमती उर्मिला जी बाकलीवाल



दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सम्मानीय सदस्य

की वैवाहिक वर्षगांठ (10 मई) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाऐं

Happy Anniversary

शुभेच्छु

अध्यक्ष: राकेश-समता गोदिका,
संरक्षक: सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन, परामर्शक: दिनेश-संगीता गंगवाल
कार्याध्यक्ष: मनीष - शोभना लोंग्या, सचिव: अनिल - निशा संघी, कोषाध्यक्ष: अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर



श्री अशोक जी-श्रीमती गरिमा जी जैन



दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सम्मानीय सदस्य

की वैवाहिक वर्षगांठ (९ मई) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाऐं

Happy Anniversary

शुभेच्छु

अध्यक्ष: राकेश-समता गोदिका,
संरक्षक: सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन, परामर्शक: दिनेश-संगीता गंगवाल
कार्याध्यक्ष: मनीष - शोभना लोंग्या, सचिव: अनिल - निशा संघी, कोषाध्यक्ष: अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर




# श्री पार्श्व नाथ दि. जैन मंदिर झोटवाड़ा में वार्षिक महोत्सव 6 और 7 मई भक्ति संध्या एवं पूजा विधान के साथ संपन्न हुआ




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

16वां पंचकल्याणक वार्षिक महोत्सव परम पूज्य प्रातः स्मरणीय आचार्य श्री चंद्रगुप्त जी गुरुदेव के पावन आशीर्वाद से रविवार दिनांक 07/05/2023 को विधानाचार्य पं. श्री प्रद्युमन जी जैन शास्त्री के सानिध्य में मनाया गया। मांगलिक कार्यक्रम शनिवार दिनांक 6 मई सांय 7:00 बजे 108 दीपकों से महाआरती,सांय 7:15 बजे दीप प्रज्वलन सांय 7.30 बजे चित्र अनावरण, सांय 7:30 बजे- भक्ति संध्या नरेंद्र जैन एण्ड पार्टी, रविवार दिनांक 07 मई सुबह 5.30 बजे- अभिषेक एवं महा शांतिधारा, प्रातः 7.15 बजे- झंडारोहण, झंडारोहण कर्ता सुनील-निर्मला ठोलिया परिवार जोबनेर वाले, प्रातः 7:30 बजे दीप प्रज्वलन , प्रातः 8:00 बजे- श्री जी का नगर भ्रमण, प्रातः विघ्नहरण श्री पार्श्वनाथ विधान पूजन, सोधर्म इंद्र सुनील-मंजू पाटोदी नावा वाले थे।




# जीव दया ही सबसे बड़ा धर्म

## पक्षियों के लिये शीतल पानी-पीने के लिए परिंडे लगाए गए



**कोटा. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप लेडीज यूनिटी के द्वारा मूक पक्षियों के लिये शीतल पानी पीने के लिए परिंडे लगाए गए एवम चुग्गा वितरित किया गया। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप लेडीज यूनिटी की अध्यक्ष श्रीमती मधु जैन शाह - जिनेश जैन उपाध्यक्ष मृदुला जेन पारस ने बताया कि आज दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप लेडीज यूनिटी के द्वारा मूक पक्षियों के लिये शीतल पानी पीने के लिए परिंडे लगाए गए एवम चुग्गा वितरित किया गया। इस जीव दया के पुनीत कार्यक्रम में कांग्रेस के जयश श्रंगी , संजय शाह प्रमिला वर्मा , शालिनी गौतम अर्पित जैन की गौरवमय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की मुख्य संयोजक श्रीमती सँगीता- रविन्द्र रावका ने बताया कि लेडीज यूनिटी ग्रुप द्वारा हर माह जीव दया , मानव सेवा, अनाथ आश्रम में सभी सदस्यो के सहयोग से सहयोग दिया जाता है।इस अवसर पर पारस मदुर्ला के वैवाहिक वर्षगाँठ पर सदस्यो द्वारा वर्षगाँठ भी मनाई गई। कार्यक्रम की सह संयोजक अर्चना टोंगया, सीमा शाह, स्वाति अनोपडा द्वारा गेम भी करवाया गया।इस पुनीत अवसर पर ग्रुप के रानी महावीर , रेखा -राजेश , चंदन संजय सिंह, सुनीता - बबलू , अर्चना मनोज, सुधा, मोनिका, सँगीता अशोक , आशा मनोज , रेणु अजय, स्वाति जयदीप, कामिनी, मीना पाटनी, शीला, सहित 60 सदस्यो की उपस्थिति के लिए मधु शाह ने धन्यवाद दिया एवम हमेशा ऐसे ही सहयोग देने के अपेक्षा जाहिर की। उक्त समस्त जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पारस जैन पार्श्वमणि ने प्रदान की।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# श्री पद्मावती जैन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन हेतु भूमि पूजन आज बुधवार को

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्रीमहावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद जयपुर द्वारा संचालित लगभग 125 वर्ष पुरानी श्री पद्मावती जैन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन हेतु भूमि पूजन समारोह बुधवार 10 मई को आयोजित होगा। शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमराव मल संघी एवं मानद् मंत्री सुनील बख्शी ने बताया कि मानसरोवर के अग्रवाल फार्म स्थित सेक्टर 12 के इन्द्र पथ पर बुधवार को प्रातः 9.00 बजे से भूमि पूजन समारोह होगा इस मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। संघी ने बताया कि आगामी सत्र से शिक्षण कार्य प्रारंभ किए जाने हेतु एक वर्ष में निर्माण कार्य पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। कोषाध्यक्ष महेश काला ने बताया कि शिक्षा परिषद जयपुर की विभिन्न कालोनियों में शिक्षण संस्था के रूप में महावीर स्कूल की शाखाएं प्रारंभ करने की योजना बनाई गई है।

# पुलक मंच द्वारा गायों को हरा चारा वितरित किया




**अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया**

**अजमेर।** भारत गौरव राष्ट्रसंत आचार्य श्री 108 पुलक सागर जी गुरुदेव के 53 वे अवतरण दिवस पर पूरे भारत में तीन दिवसीय पुलक पर्व मनाया जा रहा है । इसी क्रम में सचिव अमित बैद ने बताया अजमेर पुलक मंच शाखा द्वारा ऋषि घाटी स्थित गौशाला में जाकर गायों को एक ट्रॉली हरा चारा वितरित किया इस कार्यक्रम में प्रदीप पाटनी मनीष अंजू अजमेरा रितु व रोशनी सोगानी अमित ज्योति बैद रोहित पूजा बाकलीवाल हर्ष नीलम काला अशोक गदिया नीलम बाकलीवाल मनोज गोधा राकेश अजमेरा राकेश दोसी सुनील सेठी आदि सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# एसोसिएशन ऑफ टैक्स पेयर्स एंड प्रोफेशनल्स नेशनल फोरम की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन संपन्न




**मथुरा. शाबाश इंडिया**

एसोसिएशन ऑफ टैक्स पेयर्स एंड प्रोफेशनल्स नेशनल फोरम की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन होटल हीरा कुंज डैंपियर नगर मथुरा में किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष एडवोकेट मान सिंह थे। एसोसिएशन चेयरमैन अंजनी कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट लखनऊ की अध्यक्षता में एसोसिएशन राष्ट्रीय महासचिव पराग सिंघल द्वारा वर्ष 2022 23 से संबंधित किए गए एसोसिएशन के कार्यों का विवरण सदन में उपस्थित सदस्यों के मध्य रखा जिसकी सभी सदस्यों के द्वारा प्रशंसा की गई तथा ध्वनि मत से सभी प्रस्तावों को पारित किया गया। उक्त सभा नेशनल को. चेयरमैन एडवोकेट संतोष कुमार गुप्ता कानपुर राष्ट्रीय संयुक्त सचिव दीपक कुमार गोयल एडवोकेट बुलंदशहर यूपी चैप्टर अध्यक्ष एडवोकेट संदीप कुमार सिंह हरदोई यूपी चैप्टर महासचिव एडवोकेट आशुतोष सिंगल हापुड़ राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संदीप बंसल फिरोजाबाद तथा राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों और भिन्न-भिन्न जनपदों से अधिवक्ता गण चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार चाहर सांसद आगरा विशिष्ट अतिथि एडिशनल कमिश्नर राज्यकर ॅश्रीं-1 अलीगढ़ रविंद्र प्रताप शुक्ला एडीशनल कमिश्नर ग्रेड 2 अलीगढ़ उदय प्रताप सिंह तथा राज्य कर विभाग मथुरा के विभिन्न अधिकारी तथा स्थानीय एसोसिएशन के अधिवक्ता गण उपस्थित रहे। साधारण सभा में राजस्थान राज्य से प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट विनोद पाटनी, प्रांतीय महासचिव एडवोकेट उमराव सिंह यादव ,उपाध्यक्ष गणेश शर्मा बीकानेर, संयुक्त सचिव एडवोकेट पवन गौतम गंगापुर सिटी, एडवोकेट राम चंद्र यादव, एडवोकेट नरेंद्र शर्मा आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर राजस्थान प्रांत इकाई के महा सचिव एडवोकेट उमराव सिंह यादव ने राजस्थान प्रांतीय इकाई द्वारा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट के कुछ प्रावधानों में बदलाव करवाने में सक्रिय भूमिका निभाने , एमनेस्टी स्कीम की क्रियान्वित करवाने में महतुवपूर्ण भूमिका अदा करने तथा एमनेस्टी स्कीम 2023 के प्रावधानों पर विस्तार से बताया तथा सरकार के समक्ष समय समय पर व्यापारियों और टैक्स प्रोफेशनल्स के हितों की आवाज उठाने की जानकारी दी। एसोसिशन ने प्रदेश इकाई द्वारा निष्पादित उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजस्थान टीम का विशेष रूप से स्वागत किया गया और सभी उपस्थित सदस्यों का दुप्टा पहना कर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सभी का अभिनंदन किया गया। साधारण सभा के उपरांत तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत चार्टर्ड अकाउंटेंट आरके अग्रवाल रामपुर द्वारा आयकर अधिनियम की धारा 68 के ऊपर ज्ञान दिया गया सीएस केके अग्रवाल बोकारो द्वारा जीएसटी ऑडिट के सेक्शन 65 66 पर चर्चा किया गया असिस्टेंट प्रोफेसर आशित के श्रीवास्तव द्वारा जीएसटी के अधिनियम के अंतर्गत अनुच्छेद 279 ए के अंतर्गत जीएसटी परिषद की प्रस्थिति पर प्रस्तुति दी गई । सीएसईबी राजेंद्र राव रा दिल्ली द्वारा जीएसटी अधिनियम के अंतर्गत माल व वाहन की डिटेंशन पर प्रस्तुति दी गई सभा का समापन अपराहन भोज के साथ किया गया वह उपस्थित अतिथि गणों को सम्मान व स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए मथुरा आयोजन समिति के अंतर्गत मुख्य रूप से एडवोकेट अभिषेक सक्सेना कृष्ण मुरारी वर्मा हर्षित शर्मा अरविंद सिंह राजेंद्र अग्रवाल आदि का विशेष सहयोग रहा। राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष विनोद पाटनी एवम महा सचिव उमराव सिंह यादव ने राजस्थान टीम को दिए गए सम्मान हेतु एवम् मथुरा आयोजन समिति का भव्य कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया।



# जैन सोशयल ग्रुप मेट्रो जयपुर का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

## नाचते गाते बैंड बाजों के साथ मंच पर पहुंची मेट्रो टीम



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशयल ग्रुप मेट्रो जयपुर के हम साथ साथ हैं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सत्र 2023-25 के लिए निर्वाचित नई कार्यकारिणी ने सेवा की शपथ ली। संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि होटल हाईवा हेवन रिसोर्ट में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में ग्रुप अध्यक्ष चेतन -मीनू जैन निमोडिया, सचिव आशीष -मोनिका जैन, उपाध्यक्ष सुशील -शालू बाकलीवाल, संयुक्त सचिव पंकज -नेहा जैन, कोषाध्यक्ष अरुण -रेणू जैन , मुख्य समन्वयक सुनील -रमा पाटनी तथा 11 कार्यकारिणी दम्पत्ति सदस्यों ने बंधुत्व से प्रेम एवं बंधुत्व के साथ सेवा का संकल्प लिया। इससे पूर्व दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जग्गा की बावडी में भगवान पार्श्वनाथ के सामूहिक दर्शन एवं महाआरती की गई। अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया एवं सचिव आशीष जैन ने बताया कि भगवान मुनिसुव्रत नाथ के चित्र के समक्ष समाजसेवी नरेश मेहता एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ किया नेहा, प्राची तथा निव्या ने मंगलाचरण के रूप में णमो णमो जिनवरा..... नृत्य प्रस्तुति दी। इस मौके पर रमेश ठोलिया समारोह गौरव, नरेन्द्र जैन निखार मुख्य अतिथि, मनोज सोगानी समारोह अध्यक्ष, नरेश मेहता दीप प्रज्वलनकर्ता थे, वहीं राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, समाजसेवी प्रेम जैन बयाना वाले, राजीव जैन लाखना विशिष्ट अतिथि एवं सासंद राम चरण बोहरा,उप महापौर पुनीत कर्णावट, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संजय जैन गौरवमयी अतिथि थे। निवर्तमान अध्यक्ष कमल वैद, पूर्व अध्यक्ष मनीष बैद एवं दीपक गोधा ने बताया कि सम्माननीय अतिथि जेएसजीआईएफ नार्दन रीजन चेयरमैन महेन्द्र सिंघवी, फैडरेशन सचिव महेन्द्र गिरधरवाल, फैडरेशन पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन,कमल सचेती एवं नार्दन रीजन सचिव सिद्धार्थ जैन थे। स्वागत एवं सम्मान के बाद अतिथियों ने सत्र 2023-25 की नई कमेटी के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करवाई ।तथा नये पदाधिकारियों को पदों पर पदासीन किया। ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने अपने स्वागत उदबोधन में ग्रुप की स्थापना सन 2008 से अब तक की गई गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए शब्दों के माध्यम से सभी का स्वागत किया। समारोह के दौरान 24 घंटे लगातार बोलकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले मोटिवेशनल स्पीकर सौरभ जैन का ग्रुप की ओर से विशेष सम्मान किया गया। सायंकाल 4.00 बजे स्विमिंग पूल से गाजों बाजों एवं लवाजमा के साथ नाचते गाते नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को सभागार तक ले जाया गया। जहां नवीन कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह हुआ। कार्यक्रम में सुनील -रमा पाटनी, अरुण -रेणु जैन, प्रदीप -रानू जैन,पंकज -नेहा जैन ने संयोजक के रूप में अपनी सेवाएं दी। इस मौके पर प्रसिद्ध गायक नरेन्द्र जैन ने दिल को छू लेने वाले फिल्मी नग्मों की प्रस्तुति देकर सभी दम्पत्ति सदस्यों को झूमने को मजबूर कर दिया। सचिव आशीष जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन विनोद जैन कोटखावदा, मनीष बैद,रेखा पाटनी ने किया। इस मौके पर जलते दीप अखबार के ब्यूरो चीफ एवं समाजसेवी वी बी जैन का भी ग्रुप की ओर से सम्मान किया गया पुरस्कार वितरण के साथ समारोह का समापन हुआ।

# आदर्श स्कूल में तरंग 2023 कार्यक्रम आयोजित

## राजस्थानी संस्कृति को बचाने हेतु प्रयासरत टीम भाई बहन ने अपने ई नृत्य कच्चि घोड़ी से दर्शकों का मन मोहा



**अर्पित जैन. शाबाश इंडिया।**
भैसलाना। कस्बे के जयपुर नावां रोड़ पर स्थित आदर्श स्कूल और फाउंडेशन में तरंग 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एस एन कनावरिया,नेमीचंद शर्मा,गणेश महलां,मुकेश महलां,भागीरथ बिजारणियां आदि द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती के दीप प्रज्वलित कर किया गया ।इसके बाद स्कूल विधार्थियो द्वारा अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई ।विद्यालय परिवार द्वारा इस अवसर पर स्कूल के विधार्थियो के अभिभावकों एवं कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का माला एवं साफा बंधवाकर स्वागत -सम्मान किया ।इस दौरान कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सीकर की टीम भाई बहन द्वारा किया गया कच्चि घोड़ी नृत्य रहा ।पिछले सात आठ साल से लुफ्त होती राजस्थानी कला और संस्कृति को बचाने के लिए प्रयास और संस्कृति का प्रचार प्रसार कर रहे भाई श्रीराम और बहन वंदना की जोड़ी जिन्हे भाई बहन की जोड़ी के नाम से जाना जाता है इन्ही के टीम के सदस्य चीकू राजस्थानी व राजेन्द्र राठौड़ द्वारा कच्चि घोड़ी नृत्य किया गया वही दर्शकों द्वारा टीम भाई बहन के सदस्यों द्वारा किए गए नृत्य और राजस्थानी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रशंसा की ।इस दौरान हेमराज ऐचरा,महादेव प्रसाद शर्मा,रामेश्वर सुंडा,राकेश शर्मा,हनुमान सैनी,शंकर सोनी,उदाराम कुलहरी,सुजाराम शेषमा,मोहन फुलफकर,हीरालाल फुलफकर,नाथू सांखला सहित अन्य मौजूद रहे ।मंच संचालन पूजा और रंजना चौधरी द्वारा किया गया।

# जेएसजी वीनस द्वारा पूल संग डांस मस्ती धमाल कार्यक्रम आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप वीनस द्वारा आयोजित पुल संग मस्ती धमाल कार्यक्रम में सदस्यों ने स्विंगपुल का लुफ्त उठाया। सुख सागर इवेंट द्वारा लाइव प्रस्तुति दी गई। जिसमें नए और पुराने नगमों को सुनकर सभी ग्रुप सदस्य मंत्र मुग्ध हो गए और सभी को डांस करने के लिए मजबूर कर दिया। सायंकाल भोजन करने के पश्चात ग्रुप से जुड़े नये दंपति सदस्यों का माला पहनाकर ग्रुप के अध्यक्ष नितिन निशा बनेठा ने स्वागत किया। ग्रुप की एक विदेश यात्रा की घोषणा की गई इसके लिए मुख्य संयोजक महेंद्र गिरधरवाल एवं नवीन गंगवाल को नियुक्त किया गया। अंत में लाइव म्यूजिक हाऊजी लक्ष्मी विजय गंगवाल के द्वारा खिलाई गई जिसमें सभी दंपति सदस्यो डांस धमाल मस्ती से सराबोर होकर आनन्द उठाया सयोजकों ने ग्रुप के सभी सदस्यों का धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर नवीन सीमा गंगवाल, मुख्य संयोजक मनीष चीनू लुहाड़िया, संयोजक प्रमोद विनीता गंगवाल, अनीता मनोज जैन, सह संयोजक राहुल पूजा जैन,विपुल शानू जैन थे।